# शहीद बेलमती चौहान
# राजकीय महाविद्यालय पोखरी
# (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

अल्फान्यूमेरिक कोडः **UK-08-039**

# प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान गतिविधियों की झलकियां

## सत्रः 2020–21

दिनांकः 20.03.2021 से 26.03.2021 तक

शिविर स्थलः पंचायत घर, ग्राम कोट, ग्राम पंचायत–पयाल गांव, पोखरी (टिहरी गढ़वाल)

–:प्रस्तुतकर्ता:–

डॉ. राम भरोसे
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. इकाई, राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

Sumita
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Ram Bharose
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

# प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर: एक नजर

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्रथम सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) के विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 20 मार्च 2021 से 26 मार्च 2021 तक ग्राम कोट, पयाल गाँव टिहरी गढवाल में किया गया। एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे के नेतृत्व में 25 स्वयंसेवियों ने इसमें प्रतिभाग किया।

विशेष शिविर का उद्घाटन माननीय नगरपालिका अध्यक्ष गजा श्रीमती मीना खाती जी के द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रतिदिन कार्यक्रम का प्रारंभ ईश वंदना, प्राणायाम, व्यायाम व योगाभ्यास से किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा शिविर स्थल के आसपास गाँव में स्वच्छता कार्यक्रम व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जलपान के पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ । प्रतिदिन शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत घर के निकटवर्ती क्षेत्र,पंचायत घर से मंदिर तक सघन स्वच्छता, मुख्य आकर्षण के रूप में पंचायत घर से ऐतिहासिक 'सुरु के ताल' एवं क्वीली गढ़ तक, 'सुरु के ताल' के पास ऐतिहासिक 'दक्खन काली मंदिर' व् 'शिव मंदिर' के प्रांगण की स्वयंसेवियों ने विशेष रूप से साफ सफाई की।साथ ही गाँव में ग्रामीणों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण, जागरूकता रैली, नशामुक्ति व प्रौढ़ शिक्षा पर भी आयोजन किया गया।

बौद्धिक सत्र में महिला स्वास्थ्य पर श्रीमती सुशीला देवी जी (आशा बहन), वन व वन्य प्राणी संरक्षण, विषय पर श्री राकेश सकलानी जी (वन–बीट अधिकारी, पोखरी), जैविक खेती का महत्व व छात्र जीवन में संस्कारों का महत्व पर श्री जोत सिंह असवाल, बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति, पोखरी तथा घरेलू अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान विषय पर डा. सरिता देवी, असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, पोखरी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। पूर्व ग्राम प्रधान कोट चंदन सिंह जी ने शिक्षा पर अपने अनुभव साझा किये। भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही नमामि गंगे योजना के क्षेत्रीय संयोजक श्री सुरेंद्र असवाल जी ने नमामि गंगे योजना पर स्वयंसेवियों का मार्ग दर्शन किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शहीदी दिवस के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा देश के शहीदों के प्रति अपनी संवेदना और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने शहीदी दिवस पर स्वयंसेवियों को देश प्रेम के विषय में अपने विचार साझा किये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल गायन, अंताक्षरी, सामूहिक नृत्य व नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री धन सिंह सजवाण (अध्यक्ष–ग्राम प्रधान संगठन), प्रोफेसर ए.के. सिंह (प्रभारी प्राचार्य, शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय, पोखरी), विशिष्ट अतिथि श्री जोत सिंह असवाल जी (अध्यक्ष–बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति, पोखरी), श्रीमती उर्मिला देवी (प्रधान–ग्राम पंचायत पयाल गांव), श्री चंदन सिंह जी (पूर्व प्रधान–ग्राम पंचायत पयाल गांव), व श्रीमती विजय लक्ष्मी जी (समाज सेविका) थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरुस्कार वितरण व अध्यक्षीय सम्भाषण के साथ विशेष शिविर का समापन हुआ ।

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही श्रीमती सुनीता व श्री नरेश का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमान जोत सिंह असवाल, क्षेत्र की समाज सेविका श्रीमती विजय लक्ष्मी जी व श्रीमती गीता जी ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। **धन्यवाद**

डॉ0 राम भरोसे (रा0से0यो0 कार्यक्रम अधिकारी)

Sumita
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Ram Bharose
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner




नगर पालिका अध्यक्ष, गजा, टि०ग० द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए। 20.03.2021




सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन के सुअवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा समूह गान प्रस्तुत करते हुए

## पहला दिवस: 20.03.2021



शिविर के उद्घाटन के अवसर पर ग्राम प्रधान कोट श्रीमती उर्मिला जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन



### महाविद्यालय पोखरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ

March 20, 2021 |

**पोखरी (क्वीली)**: शहीद बेलमती राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में महाविद्यालय के 25 स्वयंसेवी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो स्वच्छता, जागरूकता, नारी सशक्त एवं शिक्षा, नशामुक्ति, प्रौढ़ शिक्षा इत्यादि सामाजिक विषयों पर शिविर के प्रत्येक दिवस में अलग-अलग कार्यक्रम व जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जायेगा।



[illegible]



[illegible]



[illegible]

मुख्य अतिथि श्रीमती मीना खाती जी ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है और उनको अपनी स्वच्छता का ध्यान विशेष रूप से रखना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि कैसे अपनी देव भूमि को बचाया जा सकता है। इसके बाद महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महोदय द्वारा एन॰एस॰एस॰ की उपयोगिता पर अपने अनुभव और विचार स्वयंसेवियों से साझा किए।

श्री राजेंद्र सिंह खाती जी ने स्वयंसेवियों को समरसता, समानता और भाईचारे के बारे में समझाया कि कैसे हम सभी को अपने बराबर समझना चाहिए। ग्राम की सामाजिक सेविका श्रीमती विजय लक्ष्मी जी ने भी समाज की सेवा कैसे की जाए इस विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

ग्राम प्रधान ग्राम कोट श्रीमती उर्मिला जी और श्री मदन सिंह जी इस विशेष शिविर के अवसर सभी को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम के समापन पर डा. बदना सेमवाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस विशेष सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन में महाविद्यालय के डा. मुकेश सेमवाल, डा. विवेकानन्द भट्ट, सुनीता व वरेश उपस्थित रहे।

मीडिया की नजर से

Sumita
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Ram Bhawe
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरुआत

**शिविर**

- **शिविर में प्रतिदिन विविधता पूर्ण जागरूकता रैलियों का होगा आयोजन**

नरेन्द्रनगर,लोकसत्य।

पोखरी स्थित बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन गजा नगर पंचायत की अध्यक्ष मीना खाती ने किया। शिविर में महाविद्यालय के 25 स्वयंसेवी प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता,नारी स्वास्थ्य,शिक्षा, नशामुक्ति,प्रौढ़ शिक्षा जैसे विषयों के प्रति आमजन को जागरूक करना है। शेड्यूल्ड के मुताबिक प्रतिदिन विविधता पूर्ण जागरूकता रैलियों का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची नगर पंचायत गजा की अध्यक्ष मीना खाती ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने एनएसएस की स्वयं सेवियों को संबोधित करते




हुए कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से समाज में विकृति फैलती जा रही है, स्वच्छता उत्तम जीवन का आधार है,तमाम तरह की बुराइयों को दूर करने में शिक्षा बेहद अहम है।कहा कि अच्छी प्रवृत्ति का स्वयं में पोषण करके औरों को भी सद्मार्ग पर लाया जा सकता है। स्वयं सेवियों से कहा कि शिविर के क्रियाकलाप ऐसे प्रेरणा प्रद हो कि समाज को सीख मिले। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एके सिंह ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त किया।

स्वयंसेवी अंजलि,प्राची,प्रेरणा व शिवानी ने मुख्य अतिथि के स्वागत में वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह खाती, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे, विजय लक्ष्मी,कोट ग्राम पंचायत की प्रधान उर्मिला,चंदन सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डा.मुकेश सेमवाल ,डा विवेकानंद भट्ट, सुनीता व नरेश आदि उपस्थित थे।

**Dehradun 22-03-2021**

लोकसत्य

---

# ग्रामीण महिलाओं का शिक्षित होना जरूरीः खाती

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** शहीद बेलमती राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में महाविद्यालय के 25 स्वयंसेवी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो स्वच्छता, जागरूकता, नारी स्वास्थ्य एवं शिक्षा, नशामुक्ति, प्रौढ़ शिक्षा इत्यादि सामाजिक विषयों पर शिविर के प्रत्येक दिवस में अलग-अलग कार्यक्रम व जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जायेगा।
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने बताया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि तहसील गजा क्षेत्र की नगर पालिकाध्यक्ष मीना खाती के करकमलों द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत औपचारिक शुरुआत की गयी।





टिहरी महाविद्यालय मे लगाया गया एनएसएस का शिविर।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना खाती का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मीना खाती ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है और उनको अपनी स्वच्छता का ध्यान विशेष रूप से रखना चाहिए।

समाज सेविका विजय लक्ष्मी ने भी समाज की सेवा कैसे की जाए इस विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। ग्राम प्रधान ग्राम कोट उर्मिला और चंदन सिंह इस विशेष शिविर के अवसर सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस विशेष सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन में महाविद्यालय के डा. मुकेश सेमवाल, डा. विवेकानंद भट्ट, सुनीता व नरेश उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

## दूसरा दिवसः 21.03.2021


















यह स्वच्छता सर्वेक्षण स्वयंसेवियों द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक दिवस में किया गया।

Sumita
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Ram Bhorok
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

## तीसरा दिवसः 22.03.2021





दिन की शुरूआत ईश वंदना से करते हुए











बौद्धिक सत्र में वन बिट अधिकारी श्री राकेश सकलानी जी मुख्य वक्ता के रूप शिविर में उपस्थित हुए. इस अवसर पर उन्होंने जंगल की आग लगने के कारणों और निवारण पर चर्चा की. इसके साथ कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती विजय लक्ष्मी जी ने भी स्वयंसेवियों को प्रकृति से प्रेम के बारे में भावनात्मक व्याख्यान दिया.

Ram Bharat

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Sumita
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Scanned with CamScanner

## चौथा दिवस: 23.03.2021

चौथे दिवस का मुख्य आकर्षित कार्य रहा ग्राम कोट के पंचायत घर यानी शिविर स्थल से ऐतिहासिक 'सुरु के ताल' एवं क्वीली गढ़ तक स्वच्छता कार्यक्रम. इस स्वच्छता कार्यक्रम अधिकारी में डॉ. राम भरोसे और स्वयंसेवियों के साथ क्षेत्र की समाज सेविका श्रीमती विजय लक्ष्मी जी व श्रीमती गीता जी ने सक्रिय रूप से भागीदारी की. साथ ही स्वयंसेवियों ने 'सुरु के ताल' के पास ऐतिहासिक 'दक्खन काली मंदिर' व् 'शिव मंदिर' के प्रांगण की विशेष रूप से साफ़ सफाई की.











Scanned with CamScanner

एनएसएस स्वयंसेवियों ने ऐतिहासिक क्वीली गढ़ किला क्षेत्र में चलाया स्वच्छता अभियान

# झाड़ियों में गुम क्वीली गढ़ किले के अवशेष हुए दृष्टिगोचर

**पहल**

- **गढ़वाल क्षेत्र के 52 गढ़ों में न सिर्फ क्वीली गढ़ भी शुमार है बल्कि उसका अपना एक ऐतिहासिक महत्व है**

वाचस्पति रयाल





नरेंद्रनगर, लोकसत्य। बेलमति चौहान राजकीय महाविद्यालय क्वीली (पोखरी) की एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने ऐतिहासिक क्वीली गढ़ किला क्षेत्र की साफ-सफाई कर ऐतिहासिक स्मृतियों की याद दिला दी।

उल्लेखनीय है कि गढ़वाल क्षेत्र के 52 गढ़ों में न सिर्फ क्वीली गढ़ भी शुमार है बल्कि उसका अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

बता दें कि सदियों पहले सजवाण जाति के ठाकुर क्वीली गढ़ के नरेश हुआ करते थे। क्वीली गढ़ नरेश सजवाण की पत्नी 'रानी सक्क' के स्नान के लिए राजा ने किले के ठीक नीचे एक विशेष किस्म का ताल बनवाया था। इस ताल में पहुंचने के लिए खूबसूरत सीढ़ियों का निर्माण किया गया था। रानी सक्क इन्हीं सीढ़ियों से स्नान करने को ताल में उतरती और किन्तु लगी विशेष डोरियों व खास रेलिंग के द्वारा सीढ़िया चढ़ा करती थी।

आज भले ही सजवाण का यह किला खंडहर में तब्दील हो चुका हो, लेकिन स्मृति के तौर पर मौजूद अवशेष अभी भी बताते हैं कि सजू के सजवाणों की कई पीढ़ियों ने यहां राज किया।

खंडहर में तब्दील क्वीली गढ़ किले के अवशेषों के इर्द-गिर्द एनएसएस की स्वयंसेवियों द्वारा साफ-सफाई करके झाड़ियों के बीच गायब हुए किले के अवशेष दूर से भी अब साफ दृष्टिगोचर होने लगे हैं। साफ-सफाई के इस कार्यक्रम ने लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से ऐतिहासिक किले की क्षेत्र में याद ताजा कर दी है।

स्वयंसेवियों द्वारा साफ-सफाई का यह कार्यक्रम पंचायत घर से लेकर हमक नाला क्वीली गढ़ सहित दक्ष काली मंदिर व शिव मंदिर प्रांगण तक किया गया। साफ-सफाई के दौरान आयोजित गोष्ठी में बजरंगी स्वाभिमानी समिति के अध्यक्ष जोत सिंह असवाल ने जैविक खेती के बारे में स्वयं सेवियों को खास जानकारी दी तो समाज सेविका श्रीमती विजय लक्ष्मी व श्रीमती गीता देवी ने एनएसएस की स्वयं सेवियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस मौके पर नमामि गंगे परियोजना के क्षेत्रीय संयोजक सुरेंद्र सिंह असवाल, कोट ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान चंदन सिंह, डॉ. सरिता देवी व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

# स्वयंसेवियों ने चलाया ऐतिहासिक क्वीली गढ़ में सफाई अभियान



*क्वीली गढ़ के मंदिर में सफाई अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवी।*

नरेंद्रनगर, 24 मार्च (स.ह.): राजकीय महाविद्यालय क्वीली-पोखरी के एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों ने ऐतिहासिक क्वीली गढ़ किला क्षेत्र में साफ-सफाई अभियाना चलाया। यह किला गढ़वाल क्षेत्र के 52 गढ़ों में से एक है। आज भले ही यह किला खंडहर में तब्दील हो चुका है लेकिन यहां मौजूद अवशेष अभी सुनहरे इतिहास को बयां करने के लिए काफी है। बुधवार को शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने खंडहर में तब्दील क्वीली गढ़ किले के अवशेषों के इर्द-गिर्द वृहद सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा गांव के पंचायत घर, ताल, काली मंदिर, शिव मंदिर प्रांगण में भी स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में बजरंगी स्वाभिमानी समिति के अध्यक्ष जोत सिंह असवाल ने जैविक खेती के बारे में स्वयंसेवियों को जानकारी दी। समाज सेविका विजय लक्ष्मी, गीता देवी ने एनएसएस के कार्यक्रम की प्रशंसा की। शिविर में नमामि गंगे परियोजना के क्षेत्रीय संयोजक सुरेंद्र सिंह असवाल, ग्राम पंचायत कोट के पूर्व प्रधान चंदन सिंह, डा. सरिता देवी, कार्यक्रम अधिकारी डा. राम भरोसे आदि मौजूद रहे।

Ram Bharose
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Sunita
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Scanned with CamScanner

## क्वीली गढ़ सरु के ताल के समीप महाविद्यालय पोखरी की एन0एस0एस0 इकाई ने चलाया स्वच्छता कार्यक्रम

March 24, 2021 | No Comments

### ऐतिहासिक सजवाण ठाकूरी गढ (क्वीली गढ़ ) व सरु के ताल के समीप मे राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की एन0एस0एस0 इकाई कैम्प ने चलाया स्वच्छता कार्यक्रम

**रिपोर्ट: नरेंद्र बिजल्वाण,**

**पोखरी,क्वीली :** सात दिवस के विशेष शिविर में आज के चतुर्थ दिवस की शरुआत वंदना से हुई। प्रार्थना सभा के बाद शहीदी दिवस के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा हमारे शहीदों के प्रति अपनी संवेदना और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा. इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने शहीदी दिवस पर स्वयंसेवीयो को देश प्रेम के विषय मे अपने विचार साझा किये।







Qweeli Garh,

पोखरी क्वीली महाविद्यालय से आए अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सरिता सैनी ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया।
महाविद्यालय पोखरी क्वीली की वरिष्ठ सहायक श्रीमती रचना ने NSS कैम्प के बच्चों को फल व मिस्ठान वितृत किये व स्वयंसेवियों को अपना शुभाशीष प्रदान किया।



आज का मुख्य आकर्षण कार्य रहा पंचायत घर से ऐतिहासिक 'सरु के ताल' एवं क्वीली गढ़ तक स्वच्छता कार्यक्रम चला. इस स्वच्छता कार्यक्रम अधिकारी मे डॉ. राम भरोसे और स्वयंसेवियो के साथ क्षेत्र की समाज सेविका श्रीमती विजय लक्ष्मी व श्रीमती गीता ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।
साथ ही स्वयंसेवियों ने 'सरु के ताल' क्वीली गढ़ के पास क्वीली गढ़ के ऐतिहासिक 'दक्खुन काली मंदिर' व् 'शिव मंदिर' के प्रांगण की विशेष रूप से साफ़ सफाई की।



इसके बाद आज के बौद्धिक सत्र मे बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जोत सिंह असवाल ने स्वयंसेवियों को जैविक खेती की महत्ता पर अपनी बात रखी और भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही नमामि गंगे योजना से आए क्षेत्रीय संयोजक श्री सुरेंद्र असवाल ने नमामि गंगे योजना पर स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया।
पूर्व ग्राम प्रधान कोट- श्री चंदन सिंह ने शिक्षा पर अपने अनुभव साझा किये।



इस अवसर पर महाविद्यालय से श्रीमती सुनीता असवाल, नरेश रावत उपस्थित रहें
प्रतिदिन की भांति आज भी चौथे दिन के शिविर का समापन लक्ष्य गीत और वन्दे मातरम से हुआ. शिविर की स्वयंसेवियों हेतु जलपान की व्यवस्था 'बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति' के अध्यक्ष श्री जोत सिंह असवाल द्वारा की गयी।
जिसके लिए सभी स्वयंसेवियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146


Scanned with CamScanner

## पाचवाँ दिवस: 24.03.2021

पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने कोट बाजार से पंचायत घर तक के मार्ग में सघन स्वच्छता कार्यक्रम चलाया तथा साथ ही पंचायत घर के आस पास तमाम क्षेत्र में सफाई और कूड़े का निस्तारण करते हुए-














शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

## छठा दिवस: 25.03.2021

विशेष शिविर के छठे दिन स्वंयसेवियों की तीन टुकड़ियां बनाई गई. पहली टुकड़ी ने गाँव मे घर- घर जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण किया, दूसरी टुकड़ी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर गाँव मे जागरूकता का काम किया, तीसरी टुकड़ी ने आज सामूहिक भोजन की व्यवस्था की. साथ ही गाँव के मध्य दो नुक्कड नाटक दहेज प्रथा, नशा मुक्ति को केंद्र में रखकर खेले गए।




Scanned with CamScanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह

## 26-03-2021



मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष श्री धन सिंह व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह का उद्घाटन करते हुए एवं मुख्य अतिथि द्वारा सजवाण द्वारा स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए



मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वयंसेवियों को पुरस्कृत करते हुए

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

> उत्तराखंड

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन समारोह

by UK Live • मार्च 26, 2021 2 टिप्पणियां

रिपोर्ट... ज्योति डोभाल



पोखरी... शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढवाल में प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह



सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूम-धाम से हुआ. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने विस्तार से बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष श्री धन सिंह सजवाण जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जोत सिंह असवाल जी (अध्यक्ष-बजरंगी स्वाभिमानी सेवा समिति, पोखरी), श्री देवेंद्र उनियाल जी (क्षेत्र पंचायत सदस्य, पयाल गांव), श्री चंदन सिंह जी (पूर्व प्रधान-ग्राम पंचायत पयाल गांव) एवं श्री मुकेश बिजल्वाण जी (प्रधान, ग्राम पोखरी ) समापन समारोह में उपस्थित रहें.
कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ए.के. सिंह द्वारा की गयी.
स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से न केवल समस्त ग्रामवासियों का मनोरंजन किया बल्कि कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जागरूकता भी ग्रामवासियों तक पहुचाई.
स्वयंसेवी मनीषा, प्रेरणा, आँचल, शिवानी ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, साथ ही अजलि और किरणदीप ने ऐतिहासिक गढवाली गीत गाया, कुसुम, नेहा, निकिता, मनीषा और लता द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने सभी को भावविभोर कर दिया. सामाजिक कुरीति दहेज प्रथा पर सिमरन, साक्षी, लता और मोनिका ने व नशा मुक्ति पर विवेक, किरणदीप, मनीषा व शिवानी ने नाटक के माध्यम से सभी को जागरूक किया.
नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना खाती जी के सौजन्य से कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किये गए. जिसके लिए महाविद्यालय परिवार उनका आभार व्यक्त करता है.
स्वयंसेवी शिवानी व् अंजलि ने कार्यक्रम में पधारे

## मीडिया की नजर से

Uttarakhand

उनका आभार व्यक्त करता है.
स्वयंसेवी शिवानी व् अंजलि ने कार्यक्रम में पधारे
समस्त अतिथियों का बैज लगाकर उनका हार्दिक स्वागत किया.
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धन सिंह सजवाण जी ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवियों और ग्रामवासियों को इस शिविर हेतु साधुवाद दिया और उन्होंने मंच से घोषणा कि वे राजकीय महाविद्यालय पोखरी के किसी एक निर्धनतम छात्र/छात्रा के अध्ययन के तीनों वर्षों हेतु सम्पूर्ण फीस, यूनिफार्म व पुस्तकों की व्यवस्था उनकी ओर से की जाएगी और यह व्यवस्था प्रत्येक सत्र हेतु श्री धन सिंह सजवान जी द्वारा की जाएगी. महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य महोदय ने इनका आभार व्यक्त किया.
विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान पोखरी के श्री मुकेश जी ने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट अतिथि श्री देवेंद्र उनियाल जी अपनी शायरी से सभी को मोहित कर लिया और उन्होंने हम सभी का मार्गदर्शन किया तथा सामूहिक नृत्य प्रस्तुतकर्ताओं प्रेरणा, शिवानी, आँचल और मनीषा बिष्ट को 500/-नगद धनराशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया.
ग्राम प्रधान श्री चंदन सिंह जी विशिष्ट अतिथि जोत सिंह असवाल जी द्वारा भी स्वयंसेवियों को इस शिविर समापन पर बधाई ज्ञापित की और समाज सेविका श्रीमती विजयलक्ष्मी जी द्वारा एक भावुक गढ़वाली गीत प्रस्तुत किया जिससे समस्त सभागार भावविभोर हो गया. साथ ही नारी शिक्षा की महत्ता पर अपने



लता,द्वितीय सिमरन गुसाई को पुरुस्कार प्रदान किया गया.
इसके साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे द्वारा समस्त स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को अपनी ओर से 'श्रीमदभगवत गीता' भेंट स्वरुप प्रदान की गयी.
आज इस समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डॉ. सरिता देवी डॉ.मुकेश, डॉ.विवेकानंद, डॉ. वंदना सेमवाल, श्री अंकित व् श्रीमती रेखा नेगी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर ए.के. सिंह ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और
स्वयंसेवियों को आशीर्वाद प्रदान किया. और समस्त अथितियों को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किये.
अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने सभी स्वयंसेवियों के साथ लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया.
कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों, स्वयंसेवियों और ग्रामवासियो हेतु पूर्व ग्राम प्रधान चंदन सिंह जी द्वारा किया गया. इस महती कार्य हेतु महाविद्यालय ने इनका आभार व्यक्त किया. इस तरह महाविद्यालय के प्रथम सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया.

Sumit
प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146

Ram Bharose
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०

Scanned with CamScanner